प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 14.02.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय दौरे पर आज आयेंगी रांची, सुरक्षा के कड़े प्रबंध, 10 आईपीएस और 20 डीएसपी स्तर के अधिकारियों के साथ एक हजार जवानों की तैनाती, ट्रैफिक रुट में भी बदलाव।

2. लोकसभा में बजट सत्र के पहले चरण में एक सौ 12 प्रतिशत हुआ काम–काज, 10 मार्च से शुरु होगा सत्र का दूसरा चरण।

3. आकांक्षी जिला खूंटी का स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन, नीति आयोग ने दी 3 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि।

4. राष्ट्र आज पुलवामा हमले की बरसी पर शहीद जवानों को कर रहा है याद, प्रधानमंत्री और केन्द्रीय गृहमंत्री के अलावा झारखंड के राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने भी दी श्रद्धांजलि।

और

5. 38वें राष्ट्रीय खेलों का आज होगा रंगारंग समापन, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह होंगे मुख्य अतिथि, पदक तालिका में झारखंड 25 पदकों के साथ 17वें स्थान पर।

*********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज शाम दो दिवसीय दौरे पर रांची आयेंगी। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। उनकी सुरक्षा में 10 आईपीएस, 20 डीएसपी स्तर के अधिकारी और एक हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती की गयी है। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर एयरपोर्ट से राजभवन तक जाने वाले रास्ते पर और राजभवन से बीआईटी मेसरा तक जाने वाली सड़क के दोनों तरफ जगह–जगह पर बैरिकेडिंग की गयी है। साथ ही कई जगह ड्रॉप गेट भी बनाये गये हैं। हमारी संवाददाता ने बताया कि शहर के ट्रैफिक रुट में भी बदलाव किया गया है।

*********************

संसद के बजट सत्र का पहला चरण समाप्त होने के साथ ही दोनों सदनों की बैठक 10 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी गई है। लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला ने बताया कि सत्र के पहले चरण में एक सौ बारह प्रतिशत कामकाज हुआ। बजट सत्र के दूसरे चरण की बैठक 10 मार्च से शुरू होगी।

*********************

स्वास्थ्य और पोषण क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन करने पर नीति आयोग ने खूंटी जिले को तीन करोड़ की पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया है। आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत नीति आयोग शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण, बुनियादी ढांचा, कृषि, वित्तीय समावेशन और कौशल विकास जैसे पांच प्रमुख क्षेत्रों में प्रगति की निगरानी करता है।

*********************

गुमला जिले में शिक्षा कर भेंट गतिविधि के तहत तीन दिवसीय गुमला साहित्य महोत्सव की कल से शुरुआत होगी। इसमें देशभर के ख्याति प्राप्त लेखक, साहित्यकार एवं रचनाकार भाग लेंगे। इस आयोजन का उद्देश्य साहित्य, संस्कृति और भाषा को बढ़ावा देना तथा स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर के साहित्य प्रेमियों को एक साझा मंच प्रदान करना है। महोत्सव में पुस्तक प्रदर्शनी, स्टोरीटेलिंग, क्रिएटिव राइटिंग प्रतियोगिता और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिससे युवा प्रतिभाओं को अपनी रचनात्मकता दिखाने का अवसर मिलेगा।

********************

नीलाम्बर–पीताम्बर विश्वविद्यालय में कुलपति का पद खाली रहने के कारण शैक्षणिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

********************

प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत सहगल ने कहा है कि कुंभवाणी स्टेशन पर महाकुंभ का प्रसारण प्रसार भारती के सटीक और विश्वसनीय जानकारी प्रसारित करने के उद्देश्य को दर्शाता है। श्री सहगल ने संगम में पवित्र स्नान करने के बाद प्रयागराज में कुंभवाणी रेडियो स्टेशन पर एक कार्यक्रम में यह बात कही। उन्होंने अनुमान व्यक्त किया कि प्रसार भारती– आकाशवाणी, कुंभवाणी, दूरदर्शन और वेव्स ओटीटी के माध्यम से लगभग 75 करोड़ से 100 करोड़ लोगों तक पहुंचा है।

********************

राष्ट्र आज 2019 में हुए पुलवामा हमले की बरसी पर शहीद 40 जवानों को याद कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस हमले में अपनी जान गंवाने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि आने वाली पीढ़ियाँ उनके बलिदान और राष्ट्र के प्रति उनके अटूट समर्पण को कभी नहीं भूलेंगी। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी बलिदान देने वाले सैनिकों को नमन करते हुए आंतकवादियों को चेतावनी दी है कि भारत आतंकवाद पर नरमी नहीं बरतेगा।

********************

इधर, झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत कई नेताओं ने पुलवामा हमले में शहीद हुए सैनिकों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि दी है। राज्यपाल ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि राष्ट्र वीर सपूतों की वीरता और सर्वोच्च बलिदान के लिए सदैव कृतज्ञ रहेगा। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि शहीद होने वाले अमर वीर जवानों की शहादत को शत–शत नमन।

********************

38वें राष्ट्रीय खेलों का समापन समारोह आज उत्तराखंड के हलद्वानी में आयोजित किया जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समापन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस वर्ष 28 जनवरी को इसका उदघाटन किया था। एक रिपोर्ट–

राष्ट्रीय खेलों की पदक तालिका में झारखंड 25 पदकों के साथ 17वें स्थान पर है। झारखंड के खाते में सात स्वर्ण, छह रजत और 12 कांस्य मेडल आये हैं। प्रतियोगिता में झारखंड 16 अन्य राज्यों से ऊपर है।

*******समाप्त************